डिजाइनर लाइट से बढ़ाएं घर की सुंदरता

जयपुर। घर की सुंदरता बढ़ाने के लिए पेन्टिंग और डेकोरेटिव चीजों के साथ-साथ आज लोग डिजाइनर और डिकोरेटिव लाइट्स को भी खूब करते हैं। ये आपके ड्रॉइंग को चार चांद लगा सकते हैं। लोगों की डिमांड को देखते हुए मार्केट में एक से बढ़कर डिजाइनर लाइट्स की कलरफुल वैरायटी देखने को मिल रही है। फेस्टिव सीजन में लोग खास तौर से अपने या फिर प्रमोशन के लिए डिजाइनर लाइट्स को ही प्रेफर करते हैं।

घर को दे एलिगेंट लुक

डिजाइनर लाइट्स के जरिए आप घर के अलग-अलग हिस्सों को आर्टिस्टिक बना सकते हैं। लोग होम डेकोरेशन को आर्टिस्टिक लुक देने वाली डिजाइनर लाइट्स को ही पसंद करते हैं। इन्हीं का ये एक अलग ही खूबसूरती का अहसास होता है। इसके साथ-साथ अब होम डेकोरेशन में ट्रेडिशनल लुक के साथ कॉन्टेम्पोरेरी लुक भी चाहते हैं जो ऐसे में डिजाइनर लाइट्स बेस्ट ऑप्शन हैं। घर के कमरों, ड्रॉइंग रूम, बेडरूम्स, होम के अलग-अलग एरीया में भी अलग-अलग डिजाइनर वाली लाइट्स को लगा सकते हैं। घर में पर्याप्त लाइटिंग होने से लोगों के मूड और विजन में भी अलग ही क्रिएटिव देखने को मिलते हैं।

फेस्टिव सीजन में डिमांड

जयपुर लाइट लाइफ स्टाइल की स्टोर मैनेजर सोनल कंवार के अनुसार आज घर की साज सज्जा के तौर तरीकों में काफी बदलाव आया है। अब लाइट्स का आम कैप्सूल एरिया में दोगुनी करने का ही नहीं है बल्कि इसे आकर्षक एवं खूबसूरत बनाना है। बदलते लाइफ स्टाइल में लोगों की सोच में भी फेर आया है। यही कारण है कि आज लोग अपने घरों में क्रिएटिव के साथ डिजाइनर लाइट्स को तवज्जो ज्यादा दिया करते हैं। उनका कहना है कि फेस्टिव सीजन में लोगों की मांग ज्यादा डिमांड होती है। लोगों की डिमांड को देखते हुए रेडियो, मोल टैप, मिरर लाइट, स्पिन लाइट, लैंडस्केप और डेकोरेटिव लाइट्स में काफी रेंज मौजूद है।